दिनांकः 15.05.2026
समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- राज्य का पहला सेमीकंडक्टर क्लस्टर भिवाड़ी में बनाया जायेगा–इस क्लस्टर से हर साल छह करोड़ चिप का निर्माण होगा।
- राज्य में जनगणना के पहले चरण के तहत कल से मकान सूचीकरण का काम किया जायेगा।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–ऊर्जा की बचत ही ऊर्जा उत्पादन का सबसे सस्ता और प्रभावी विकल्प।
- मेडिकल में प्रवेश के लिए नीट–यूजी 2026 परीक्षा 21 जून को दोबारा आयोजित होगी।

000

राज्य का पहला सेमीकंडक्टर क्लस्टर भिवाड़ी में बनाया जायेगा। इस क्लस्टर में एक हजार दो सौ करोड़ रूपयें का निवेश किया गया है। यहां से हर साल छह करोड़ चिप्स का निर्माण किया जा सकेगा। साथ ही करीब ढाई हजार लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इसका शिलान्यास किया। इसके साथ ही चार सौ करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया गया। इन परियोजनाओं में भिवाड़ी में एल्सीना इलेक्ट्रॉनिक्स कॉम्प्लेक्स, 34 एम–एल–डी क्षमता वाले सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट और खैरथल–तिजारा के कई विकास कार्य शामिल है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए लगातार काम कर रही है और पिछले दो सालों में 35 नई नीतियां लागू की गई हैं। उन्होंने दिल्ली–हरियाणा–राजस्थान को जोड़ने वाली रीजनल रैपिड ट्रांजिट सिस्टम परियोजना और यमुना जल समझौते के काम में तेजी आने की भी जानकारी दी।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपने सम्बोधन में कहा कि देश में सेमीकंडक्टर की 12 इकाईंयां स्थापित की गई हैं जिससे भारत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिल रही है। उन्होंने कहा कि देश ने पिछले 12 साल में इलेक्ट्रोनिकी विर्निर्माण क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है।

-----------------

000

राज्य में जनगणना 2027 के पहले चरण के तहत कल से मकान सूचीकरण का काम किया जायेगा। 14 जून तक चलने वाले इस चरण के लिए प्रगणक घर–घर जाकर जानकारी एकत्र करेंगे। इसके लिए प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर प्रशिक्षण शिविरों के माध्यम से प्रगणकों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया है। उन्हें मोबाइल एप के माध्यम से डेटा एंट्री करने, परिवारों की सही जानकारी दर्ज करने और सर्वे के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों का अभ्यास कराया गया। वहीं स्वगणना विकल्प का आज आखिरी दिन है। स्वगणना के जरिये लोगों ने एक मई से स्वयं अपने मकान और परिसंपत्तियों से जुड़ी जानकारी ऑनलाईन दर्ज की।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि ऊर्जा की बचत ही ऊर्जा उत्पादन का सबसे सस्ता और प्रभावी विकल्प है। श्री शर्मा आज जयपुर में राजस्थान एनर्जी कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संसाधनों के संयमित उपयोग से ही ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त होगा। ईंधन बचत का संदेश देने के लिए मुख्यमंत्री स्वयं इलेक्ट्रिक वाहन से कार्यक्रम स्थल पहुंचे। उन्होंने कहा कि पेट्रोल–डीजल की बचत एक सामूहिक जिम्मेदारी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान को दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने सरकारी वाहनों के सीमित और विवेकपूर्ण उपयोग के

निर्देश जारी किए हैं। श्री शर्मा ने कहा कि राजस्थान सौर ऊर्जा उत्पादन में देश में अग्रणी है और आने वाले समय में ऊर्जा प्रदाता राज्य बनेगा।

मुख्यमंत्री ने बताया कि अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति–2024 लागू की गई है।

-----------------------

000

जयपुर के सीतापुरा स्थित जेईसीसी में 23 से 25 मई तक आयोजित होने वाले ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट ग्राम–2026 को स्थगित कर दिया है. कृषि आयुक्त ने आज एक बारे में आदेश जारी किए। आदेश मे कहा गया कि कार्यक्रम को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है। गौरतलब है कि राज्य सरकार इस कार्यक्रम को बड़े स्तर पर आयोजित करने वाली थी जिसके लिए पिछले दो माह से व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही थीं।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अबू धाबी में राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात की। बैठक के दौरान ऊर्जा सहयोग और द्विपक्षीय व्यापार पर प्रमुख रूप से चर्चा हुई। ये वार्ता पश्चिम एशिया संघर्ष से जुड़ी वैश्विक आपूर्ति बाधाओं के बीच हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने यूएई पर हाल ही में हुए हमलों की कड़ी निंदा की। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद के साथ बातचीत के दौरान चुनौतीपूर्ण समय में यूएई की भूमिका की प्रशंसा की। श्री मोदी ने अमीरात के लिए भारत के समर्थन की पुष्टि की और कहा कि वैश्विक संघर्ष के वर्तमान दौर में संवाद और कूटनीति ही आगे बढ़ने का एकमात्र रास्ता है।

--------------

000

शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा है कि विद्यार्थी सरकार की प्राथमिकता हैं और सरकार उनके लिए संवेदनशील है। आज नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में श्री प्रधान ने कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एनटीए ने मेडिकल में प्रवेश के लिए नीट–यूजी 2026 परीक्षा दोबारा 21 जून को आयोजित करने की घोषणा की उन्होंने बताया कि परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को 14 जून तक प्रवेश पत्र उपलब्ध करा दिए जाएंगे। जून में होने वाली अगली परीक्षा की फीस नहीं ली जायेगी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि वर्तमान में ओएमआर मोड में आयोजित होने वाली नीट–यूजी परीक्षा अगले वर्ष से कम्प्यूटर आधारित यानी सीबीटी माध्यम से होगी।

--------------------

श्री धर्मेंद्र प्रधान ने बताया कि विद्यार्थियों को परीक्षा के लिए अपनी पसंद का शहर चुनने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि एनटीए में ठोस सुधारों की आवश्यकता है। भविष्य में किसी भी तरह की गडबडी को रोकने के लिए परीक्षा प्रणाली को और मजबूत करने संबंधी उपाय किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सीबीआई नीट पेपर लीक मामले की तह तक जायेगी।

000

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा है कि स्वास्थ्य केवल व्यक्ति का निजी विषय नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र से जुड़ा मामला है। श्री शेखावत आज बांसवाड़ा जिले के कुशलगढ़ में एक अस्पताल के उद्‌घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बांसवाड़ा और कुशलगढ़ जैसे आदिवासी और दूरस्थ क्षेत्रों में लंबे समय तक संसाधनों की कमी रही, जिसके कारण स्थानीय लोगों को उपचार के लिए दूसरे राज्यों का रुख करना पड़ता था। लेकिन केन्द्र सरकार ने आदिवासी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार किया है। उन्होंने राजस्थान में मेडिकल कॉलेजों के विस्तार की सराहना करते हुए कहा कि अब प्रदेश के लगभग हर क्षेत्र में चिकित्सा शिक्षा और उपचार के बेहतर अवसर उपलब्ध हैं।

000

मध्य प्रदेश के कान्हा टाइगर रिजर्व में बाघों की मौत के बाद अलवर के सरिस्का टाइगर रिजर्व में सतर्कता बढ़ा दी गई है। सरिस्का प्रशासन ने **कैनाइन डिस्टेंपर** नामक खतरनाक वायरस के

खतरे को देखते हुए अपनी निगरानी टीमों को सक्रिय कर दिया है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह संक्रमण मुख्य रूप से संक्रमित कुत्तों के माध्यम से बाघों में फैलता है। वर्तमान में सरिस्का में 52 बाघ हैं, जिनकी सुरक्षा के लिए प्रशासन अब आसपास के क्षेत्रों में कुत्तों के टीकाकरण और बाघों की विशेष निगरानी पर जोर दे रहा है।

000

भरतपुर के मुक्केबाज यश कुमार ने उज्बेकिस्तान के ताशकंद में आयोजित जूनियर एशियन बॉक्सिंग चैपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता है। यश ने 33 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल मुकाबले में कजाकिस्तान के खिलाड़ी को 4–1 से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। यश कुमार जूनियर वर्ग में इस चैपियनशिप का स्वर्ण पदक जीतने वाले राजस्थान के पहले मुक्केबाज बन गए हैं। उनकी इस सफलता पर खेल जगत में खुशी की लहर है।

000

प्रदेश के कई भागों में पिछले 24 घंटे में आंधी और बारिश की गतिविधियों से ज्यादातर स्थानों पर तापमान में दो–तीन डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। इससे आमजन को भीषण गर्मी से मामूली राहत मिली है। हालांकि अभी भी कई स्थानों पर अधिकतम तापमान 44 से 45 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया हैं। दूसरी ओर आज दौसा, करौली, सवाईमाधोपुर और जयपुर जिलों में कहीं–कहीं तेज़ हवाओं के साथ हल्की बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार कल से फिर तापमान में बढोतरी की संभावना है। विभाग ने सीमावर्ती ज़िलों के लिए तेज़ गर्मी और लू का येलों अलर्ट जारी किया है।

000